कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।

पत्र संख्याः– 1843 / 14–1, बरेली, दिनांक, 29 /नवम्बर/2024

सेवा में,

मुख्य वन सरंक्षक/
नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषय :– जनपद बरेली में बरेली–रामपुर मार्ग (पुराना एन0एच0–24) कि0मी0 242 चैनेज 241.650 प्लाट नं0 सी0पी0 –03 सी0वी0गंज तहसील सदर जिला बरेली पर रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सिक्का होटल के सम्पर्क मार्ग हेतु प्रभावित 0.0922187 है0 संरक्षित वन भूमि एवं वाधक 19 वृक्षों के पातन एवं गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।
(Online Proposal no. FP/UP/Approach/49598/2020)

संदर्भः– आपका पत्रांक 744/11सी– FP/UP/Approach/49598/2020 दिनांक 13.09.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली ने अपने पत्रांक 2115/14–1 दिनांक 26.11.2024 के द्वारा आपंत्तियों का निराकरण कर आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। अतः प्रभाग स्तर से प्राप्त आख्या निम्नवत प्रेषित की जा रही है।

कम सं0	इंगित आपत्ति	प्रस्तावक द्वारा आपत्ति निराकरण आख्या
01	अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रस्ताव के साथ संलग्न बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली के साइट प्लान में प्लाट नं सी0पी0–03 के ठीक बगल से 7.50 मीटर चौड़ाई की एक सड़क दर्शित है। जब प्रश्नगत प्लाट नं0 सी0पी0–03 के ठीक बगल से 7.50 मीटर की एक सड़क गुजर रही है, तो क्या किसी अन्य साइड से एप्रोच का प्रस्ताव है?	वर्णित आपत्ति के अनुपालन में अनुसचिव, उ0प्र0 सरकार उ0प्र0 शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग – 2, लखनऊ द्वारा इंगित की गयी आपत्ति के क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण बरेली के साईट प्लाट नं0 3 के ठीक बगल से 7.50 मी0 चौड़ाई की एक सड़क गुजर रही है जिसके सम्बन्ध में बरेली विकास प्राधिकरण ने अपने पत्रांक 3025/व0वि0प्रा0 / 2024–25 दिनांक 09.11.2024(छायाप्रति संलग्न) से अवगत कराया है , कि लोहिया विहार योजना (सी0बी0गंज) के स्वीकृत मानचित्र में रामपुर रोड पर 7.50 मी0 चौड़े सर्विस मार्ग को प्रदर्शित किया गया है। उक्त सर्विस मार्ग का निर्माण स्थल पर कोई निर्माण नहीं हुआ है, और न ही निकट भविष्य में उक्त सर्विस मार्ग के निर्माण की सम्भावना है। भू खण्ड सं0– सी0पी0 – 3 के रामपुर रोड से सम्पर्क मार्ग हेतु प्रस्तावित भूमि ही निकटतम एवं एकमात्र उपलब्ध मार्ग है इसके अतिरिक्त रामपुर रोड पर पहुँचने हेतु अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

संलग्नः– यथोपरि ।

भवदीय

(विजय सिंह)
मुख्य वन संरक्षक/
प्रभारी वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।

पत्र संख्याः– /(1) 14–1, दिनॉकित।

1– प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, वन एवं वन्यजीव प्रभाग बरेली को उनके पत्रांक– 2115/14–1/ दिनांक 26.11.2024 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(विजय सिंह)
मुख्य वन संरक्षक/
प्रभारी वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्यजीव, बरेली वृत्त, बरेली।